कार्यालय वन वृत्त रीवा (म0प्र0)

केन्द्रीय विद्यालय मार्ग जयंती कुंज रीवा (मध्यप्रदेश) 486001
Fax-241689 E-mail-ccf.rwa@mp.gov.in

****

रीवा, दिनांक / 31-01-2022

क्रमांक / मा0चि0 / 913

प्रति,

वनमंडलाधिकारी
वनमंडल सिंगरौली

विषयः– एन.सी.एल. की निगाही विस्तार परियोजना हेतु मध्यप्रदेश राज्य के जिला सिंगरौली मे स्थित 244.536 हेक्टेयर वन भूमि हेतु अनुमति जारी करने बावत्। आनलाइन प्रकरण कमांक FP/MP/MIN/140863/2021

संदर्भः– आपका पत्र कमांक मा.चि. / 513 दिनांक 25.01.2022

****

आपके द्वारा संदर्भित पत्र से वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत महाप्रबंघक एन. सी. एल. निगाही परियोजना को ओपन कास्ट माइनिंग हेतु 244.536 हे. वनभूमि व्यपवर्तन किये जाने हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है । प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्नानुसार कमियां पायी गयी ।

1. प्रस्ताव के भाग–2 के बिन्दं कमांक 13 सी.ए. स्कीम पैच वाइज डिटेल का परीक्षण करने पर पाया गया कि,
   (i) पी.एफ. 125 और 126 की के.एम.एल. फाइल ओपेन नहीं हो रही है।
   (ii) आर.एफ.562 और 564 की के.एम.एल. फाइल ओपन नही हो रही है।
   (iii) आर.एफ.55 चितरंगी के कुछ क्षेत्र में खेती होना दिखाई दे रहा है।
   (iv) आर.एफ.56 के कुछ भाग मे खेती होना दिखाई दे रहा हैं।

   उक्त के संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन अपेक्षित है।

2. सी.ए. हेतु प्रस्तावित जियो रिफरेंस मैप एवं सर्वे आफ इण्डिया के मानचित्र मे आपकी सील एवं हस्ताक्षर नही है।
3. मेरे द्वारा दिनांक 30.01.2022 को आपके एवं महाप्रबंधक एन.सी.एल. निगाही परियोजना श्री हरीश जी के साथ स्थल निरीक्षण किया गया जिसमे निम्नानुसार कमियां पायी गयी–
   (i) मौके पर प्रस्तावित क्षेत्र का सीमांकन स्पष्ट नही है।
   (ii) आपके स्थल निरीक्षण मे दर्शाई कई स्थिति से भिन्न कक्ष कमांक आर.एफ.272 ,273, 274, मे 0.5 से 0.6 घनत्व का वन है,तथा आर.एफ. 271 0.2 से 0.4 घनत्व का वन है। उक्त प्रस्तावित वनक्षेत्र 244.536 हे. मे 10311 नग वृक्ष दर्शाया गया है। जबकि मौके पर काफी अधिक संख्या में वृक्ष है।

अतः प्रकरण मे पुनः परीक्षण कर टीप अंकित कर प्रस्ताव इस कार्यालय का भेजना सुनिश्चित करें । ताकि निर्धारित समयावधि मे प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

संलग्न :–मूलतः प्रस्ताव 03 प्रति में।

31.1.2022

(आनन्द कुमार सिंह)
भा0व0से0 2001
मुख्य वन संरक्षक
रीवा वृत्त रीवा (म0प्र0)

31/1/22

D:\DM 2022.DOCX

पृ0क्रमांक / मा0चि0 / 914 रीवा, दिनांक 31-01-2022

प्रतिलिपि :—

1— अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं अग्रिम दिशा निर्देश हेतु सादर सम्प्रेषित ।

2— महाप्रबंधक एन.सी.एल. निगाही परियोजना संगरौली की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

31.1.2022

मुख्य वन संरक्षक
रीवा वृत्त रीवा (म0प्र0)